भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4732

31 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

सफाई कर्मचारी

4732. श्री के. नवासखनी:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी सुरक्षित रूप से काम करने के लिए आवश्यक मूलभूत उपकरण भी वहन नहीं कर सकते हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पहल की गई है/किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख) : स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित रूप से काम करने के लिए आवश्यक सभी उपकरण उनके नियोक्ताओं द्वारा उपलब्ध कराए जाने होते हैं। यदि वे शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) के औपचारिक कर्मचारी हैं, तो सुरक्षा उपकरण यूएलबी द्वारा प्रदान किए जाते हैं। गैर-औपचारिक सफाई कर्मचारियों के मामले में, ये उपकरण यूएलबी द्वारा नियुक्त किए गए ठेकेदारों द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) 2.0 में स्वच्छता कर्मचारियों के कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने, कार्यबल के भीतर कौशल के अंतर को कम करने, उन्नत उपकरणों और सुरक्षा गियर के संचालन के लिए तकनीकी ज्ञान और कौशल सेट विकसित करने हेतु स्वच्छता विषय पर प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए मास्टर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण और अभिविन्यास कार्यक्रम के प्रावधान किए गए हैं।

सफाईमित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के सीवर और मैनहोल की सफाई के लिए अभिनव समाधानों और उपकरणों के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसका आकलन स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत भी किया जाता है।

******